# तेजी से स्थापित करवाई जाएं एमएसएमई इकाइयां : योगी

## मुख्यमंत्री ने प्रगति की समीक्षा की

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (स्थापना एवं संचालन सरलीकरण) अधिनियम के तहत प्रदेश में इकाइयों की तेजी से स्थापना करवाए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और प्रदेश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ेगी।

मुख्यमंत्री अपने सरकारी आवास पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम अधिनियम-2020 के तहत एमएसएमई इकाइयों की स्थापना की प्रगति के संबंध में समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इकाइयों की स्थापना के लिए जिला उद्योग केंद्र के अधिकारी, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग और उद्यमियों के साथ समन्वय बनाया जाए। अधिनियम के मुख्य बिंदुओं पर जोर देते हुए इकाइयों की स्थापना सुनिश्चित करें।

एसीएस एमएसएमई नवनीत सहगल ने बताया कि इकाइयों के आवेदन निवेश मित्र पोर्टल पर ऑनलाइन लिए जा रहे हैं। इन प्रकरणों का निस्तारण शीघ्र ही किया जाएगा। सभी मंडलों में फैसिलिटेशन काउंसिल गठित की जा चुकी हैं। इस अवसर पर एमएसएमई मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह भी मौजूद रहे। ब्यूरो